recommendation of the Cadre Review Committee under ICAR to decrease the total strength of scientists. ...*(Interruptions)*...

Sir, the closure is totally against the interests and aspirations of the farmers' community. Hence, through you, Sir, I request the Government to withdraw immediately the anti-farmer decision of closing down the Kayamkulam station. Thank you. ...*(Interruptions)*...

**Decreasing number of Hindi medium candidates in Civil Services exams**

**श्री हरनाथ सिंह यादव** (उत्तर प्रदेश): मान्यवर, संघ लोक सेवा आयोग में हिन्दी माध्यम से परीक्षा देने वालों की संख्या घट रही है। ...**(व्यवधान)**... अभी दो-तीन दिन पूर्व शून्य काल में एक माननीय सदस्य ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में क्षेत्रीय भाषा-भाषियों की समस्या का उल्लेख किया था। ...**(व्यवधान)**... आज मैं आपके माध्यम से राजभाषा हिन्दी के माध्यम से देश की सबसे प्रतिष्ठित लोक सेवा आयोग की सिविल सेवाओं की परीक्षा में हिन्दी व अंग्रेज़ी माध्यम के बीच उत्तीर्ण होने वाले प्रतियोगियों के मध्य गिरते हुए अनुपात के संबंध में सदन व सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। ...**(व्यवधान)**... मान्यवर, संघ लोक सेवा आयोग में हिन्दी माध्यम से परीक्षा देने वालों की संख्या निरंतर घट रही है। ...**(व्यवधान)**... द इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के मुताबिक मसूरी के लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे 370 अधिकारियों में केवल 8 अधिकारी हिन्दी माध्यम से परीक्षा देकर आए हैं। ...**(व्यवधान)**... लाल बहादुर शास्त्री अकादमी की एक वेबसाइट के अनुसार वर्ष 2013 में हिन्दी माध्यम से परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों की संख्या 17 प्रतिशत थी। ...**(व्यवधान)**... यह आंकड़ा घट कर 2014 में 2.11 प्रतिशत, 2015 में 4.28 प्रतिशत, 2016 में 3.45 प्रतिशत, 2017 में 4.06 प्रतिशत और 2018 में 2.01 प्रतिशत रह गया है। ...**(व्यवधान)**... मान्यवर, हिन्दी माध्यम से प्रतियोगियों की संख्या में घटोतरी के जो तथ्य उजागर हो रहे हैं, वे बड़े गम्भीर हैं और हमारे तथा आपके लिए बड़े गहरी चिंतन के विषय हैं। ...**(व्यवधान)**... मैं उनमें से कुछ गम्भीर बिंदुओं को सदन और सरकार के समक्ष रखना चाहता हूं। ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति**: मैं आपसे पुन: request कर रहा हूं। ...**(व्यवधान)**...

**श्री हरनाथ सिंह यादव**: सबसे बड़ी त्रासदी यह है कि परीक्षा में जो सवाल आते हैं, वे पहले मूल रूप में अंग्रेज़ी में सेट किए जाते हैं, फिर उनका हिन्दी में अनुवाद किया जाता है। ...**(व्यवधान)**... ऐसे अनुवाद अधिकतर गूगल अनुवादकों से मशीनी तरीके से किए जाते हैं। ...**(व्यवधान)**... भले ही ये सवाल हिन्दी में हों, लेकिन इनका मतलब निकालना किसी भी मेधावी छात्र के लिए अत्यंत टेढ़ी खीर होता है। ...**(व्यवधान)**... जाहिर है कि जब सवाल ही सही नहीं होगा, तो जवाब कैसे सही लिखा जा सकता है। ...**(व्यवधान)**... मान्यवर, संघ लोक सेवा आयोग पर ऐसे सदैव लगते रहे हैं कि मुख्य परीक्षा की कॉपी जांचने व साक्षात्कर में हिन्दी माध्यम वालों के साथ भेदभाव किया जाता है। ...**(व्यवधान)**... मुख्य परीक्षा की कॉपियां जाँचने के लिए जिन लोगों को लगाया जाता है, प्राय: उनकी भाषा अंग्रेज़ी होती है। ...**(व्यवधान)**... ऐसे लोग हिन्दी में उतने ही सहज हों, यह कोई जरूरी नहीं है। ...**(व्यवधान)**... इससे

[श्री हरनाथ सिंह यादव]

अंकों में बड़ा फर्क आ जाता है। ...**(व्यवधान)**... मान्यवर, कई बार चर्चा यह भी होती है कि बोर्ड के सदस्य हिन्दी माध्यम वालों को दूसरी नजर से देखते हैं और अंक देने में भेदभाव करते हैं। ...**(व्यवधान)**... जब वे साक्षात्कर के दौरान हिन्दी में बोलना शुरू करते हैं, तो उन्हे हिन्दी को लेकर अपमानजनक टिप्पणियों को सामना करना पड़ता है। ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति**: हरनाथ सिंह यादव जी, आपका समय समाप्त हो गया है, आप कृपया बैठ जाएं। ...**(व्यवधान)**... श्री विजय पाल सिंह तोमर। ...**(व्यवधान)**...

Farmers' distress and agrarian crisis

**श्री विजय पाल सिंह तोमर** (उत्तर प्रदेश): माननीय उपसभापति महोदय, भारत एक कृषि प्रधान देश है और यहां 85% से ऊपर लघु और सीमान्त किसान हैं। ...**(व्यवधान)**... 1750 तक भारत देश की 80 फीसदी आबादी कृषि कार्य में लगी हुई थी, तब विश्व की अर्थव्यवस्था में भारत का योगदान करीब 25% था, जो अब घट कर 5 फीसदी से भी कम रह गया है। ...**(व्यवधान)**... आज़ादी के समय भी देश की 75% आबादी खेती में थी और तब देश की अर्थव्यवस्था में कृषि का योगदान 51.8 फीसदी था, जो अब घटकर करीब 17 फीसदी ही रह गया है। ...**(व्यवधान)**... भारत सरकार ने किसानों की आय सन 2022 तक दोगुनी करने का संकल्प लिया है तथा उसके लिए 'प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना', 'प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना', 'सॉयल हेल्थ कार्ड योजना' के साथ-साथ फसल की लागत का डेढ़-गुना एमएसपी घोषित करने के कुछ सराहनीय कदम उठाए हैं। ...**(व्यवधान)**... इसके लिए मैं उन्हें बधाई देना चाहता हूं, लेकिन अभी भी देश के लघु एवं सीमान्त किसानों की वार्षिक आय करीब 6,324 रुपये है, जबकि एक मजदूर एक दिन में 550 रुपये लेता है। ...**(व्यवधान)**... इसी कारण किसान आज खेती के पेशे को छोड़ रहे हैं। ...**(व्यवधान)**...

महोदय, आज देश में लघु और सीमान्त किसान 75 फीसदी से कम होकर 55 फीसदी रह गए हैं, यानी 20 फीसदी कम हो गए हैं। ...**(व्यवधान)**... उस समय हमारा देश विश्व का समृद्धिशाली राष्ट्र था। ...**(व्यवधान)**... लघु और सीमान्त किसानों को कृषि उत्पाद का लाभकारी दाम नहीं मिलता है। ...**(व्यवधान)**... भारत सरकार ने फसलों की लागत का डेढ़ गुना दाम घोषित किया है, जो स्वागत योग्य है, लेकिन सभी जिन्सों का एमएसपी घोषित नहीं होता है। ...**(व्यवधान)**... जिनका एमएसपी घोषित होता है, उसकी पूरी खरीद नहीं हो पाती है। ...**(व्यवधान)**... किसान क्रेडिट कार्ड पर जो किसान कर्ज़ लेता है, यदि वह उसे 31 मार्च तक जमा नहीं करवा पाता, तब अगले दिन से उसकी छूट समाप्त हो जाती है, क्योंकि वह फसली ऋण है। ...**(व्यवधान)**... इस तरह बैंकों के द्वारा किसानों का शोषण होता है। ...**(व्यवधान)**...

मान्यवर, मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा कि वह ऐसा तंत्र विकसित करे कि बाजार में एमएसपी से नीचे खरीद करने वालों पर दंडात्मक कार्यवाही हो। ...**(व्यवधान)**... दूसरा, किसान क्रेडिट कार्ड पर किसान की हैसियत के अनुसार, जिस तरह उद्योगों में लिमिट बनती है, कंपनियों में लिमिट बनती है, उसी तरह किसानों के लिए केसीसी में लिमिट बनाई जाए, जिस पर वह